







# हसदा पंचायत में ओपन जिम घोटाला: 5 लाख आहरित, डेढ़ साल बाद भी कार्य अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत हसदा में तात्कालिक सरपंच व सचिव 5 लाख की राशि नगद आहरण कर कार्य नही कराया। जनपद प्रशासन भी कार्य करवाने के स्थान पर उन्हे नोटिस भेजकर उन्हे संरक्षण प्रदान कर रही है। अब पंचायत उक्त राशि को ठेकेदार को देने कह एक ओर नियम का खुला उल्लंघन की स्वाकारोक्ती कर रही है।

मामला ग्राम पंचायत हसदा में जिला खनिज न्यास निधि से 10 लाख रूपये से बनने वाले ओपन जिम का है। यह राशि जिला प्रशासन ने सत्र 2024–25 में स्वीकृत किया था। इसकी प्रथम किस्त की राशि 5 लाख रूपये पंचायत को 2024 में ही जारी हो गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तात्कालिक सरपंच एवं सचिव ने मिलीभगत कर उक्त पांच लाख रूपये को बैंक से नगद आहरित कर लिया। बताते है कि यह राशि अक्टूबर–नवंबर 2024 को आहरित की गई है। राशि आहरण के ढेड़ साल बाद भी पंचायत ने ओपन जिम का निर्माण नही किया है। यहां तक कि कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड भी नही लगाया गया है। हसदा पंचायत के जिम्मेदार लगातार शासन के आदेशो, नियमो का उल्लंघन कर रहे है, लेकिन जनपद प्रशासन मामले में कार्यवाही करने के स्थान पर उन्हे सरंक्षण प्रदान कर रहा है।

## नियमों की धज्जियां: ठेकेदार को दी राशि, फिर भी नहीं हुआ निर्माण

### कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड का ढांचा खड़ा

मामले में पंचायत ने पहले तो राशि का नगद आहरण कर नियमो का उल्लंघन किया। अपने को बचाने एक और नियम को तोड़ते हुए अब कह रहे है कि राशि ठेकेदार को दी गई है, जबकि जिला खनिज न्यास निधि का कार्य ठेकेदार से कराया जाना प्रतिबंधित है। उसके बाद भी लापरवाही ऐसी कि राशि आहरण के ढेड़ साल बाद भी कार्य पूर्ण नही हुआ। कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड का ढांचा खड़ा है जिसमे कोई जानकारी नही लिखी गई है। ओपन जिम की चारदिवारी ही बनाई गई है जो पूरा होने के पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच गई है। जिम का कोई सामान नही आया है, पथरीली जमीन खाली पड़ी है।



### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

एसडीओ आईईएस गुरूर भानुप्रताप ने कहा पंचायत द्वारा राशि आहरण के बाद भी कार्य नहीं कराया जा रहा है। हमने दो तीन बार नोटिस दी है। अब कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहा

मामले में सचिव ग्राम पंचायत हसदा टीकाराम निशाद ने कहा पांच लाख नगद आहरण किया गया है। राशि हमारे पास नही है, संबंधित ठेकेदार को दे दी गई है। कई बार ठेकेदार को कार्य करने बोल चुके है लेकिन ठेकेदार सुनता ही नही।

## खबर संक्षेप

### जेईई मेन में लकी साहू ने 99 प्रतिशत हासिल किया



**गुण्डरदेही।** जिले के छोटे से ग्राम कचांदुर के छात्र लकी साहू ने देश की प्रतिष्ठित जेईई मेन में 99 पर्सेंट प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि गुण्डरदेही में निःशुल्क फ्री कोचिंग क्लासेस संचालित की जा रही हैं। जो गुलशन साहू जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा बालोद व सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही के मार्गदर्शन एवं प्रयासों से चल रही हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं सामान्य परिवारों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अवसर प्रदान करना है। संस्थान के शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों ने बताया कि लकी साहू ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। संस्था द्वारा नियमित टेस्ट, व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं सही दिशा देने का कार्य किया गया जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। लकी साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों के निःशुल्क कोचिंग पहल को दिया। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**बालोद।** तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद ग्रामीणो को जानकारी होने पर युवक को तालाब से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लाटाबोड़ निवासी शीतल दास साहू नहाने के लिए ग्राम में स्थित तालाब में गया था। जहां नहाने के दौरान युवक डूब गया था, इसकी जानकारी परिजनो को तब हुई जब कुछ देर बाद उक्त तालाब में युवक के बड़े पिताजी नहाने गए, उन्होने तालाब पार में युवक का कपड़ा देखा, जिसके बाद युवक के बड़े पिता ने युवक के घर में युवक की खोज खबर ली, जहां युवक का कोई पता नही चलने पर उन्हे तालाब के आस पास जब वह युवक नही दिखा उसके बाद उन्हे युवक के डूबने की आशंका हुई, ग्रामीणो द्वारा युवक के तालाब में डूबने की आशंका से तालाब में युवक की खोजबीन की गई, जहां गहरे पानी में युवक का शव ग्रामीणो को प्राप्त हुआ। जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव का पंचनामा कर शव का पीएम करने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया।

### कैम्प-1 से सटोरिया गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि 21 अप्रैल को आदर्श नगर कैंप-1 में खुलेआम सट्टा चला रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश दिया।

## हादसा : अधिकारियों की समझाइश के बाद खुला जाम

# ट्रक की ठोकर से दो युवकों की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कुसुमकसा



राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर बुधवार रात्रि ग्राम गुजरा के समीप एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुसुमकसा से बालोद की ओर जा रही ट्रक क्रमांक 15 डी ई 5031 ने दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गई। हादसे के बाद चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसने बाद में थाने में आत्मसमर्पण कर दिया।

- सड़क पर गड्ढे और संकेतक का अभाव बना हादसे की वजह

मृतकों की पहचान ग्राम गुजरा निवासी डोमार यादव (33 वर्ष) एवं ग्राम सुवरबोड़ निवासी सुरेंद्र कुमार नायक (40 वर्ष) के रूप में की गई है। हालांकि दोनों युवक किस वाहन में सवार थे, इसको लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर ही मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जो करीब डेढ़ घंटे तक चला। इस दौरान दोनों ओर सैकड़ों मालवाहक एवं चारपहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा, यातायात प्रभारी पांडे तथा तहसीलदार डोंडी देवेंद्र नेताम मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर मृतकों के परिजनों को शासन से मिलने वाली सहायता राशि दिलाने तथा सड़क निर्माण में लापरवाही के लिए ठेकेदार व राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु ग्रामीणों के आवेदन को शासन को प्रेषित करने की सहमति दी। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर शवों को 108 एंबुलेंस से रात्रि में जिला अस्पताल बालोद की मर्चुरी भिजवाया गया, तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, राजेश चुरेंद्र, अनिल सुथार (पूर्व जनपद सदस्य), संजय बैस (पूर्व जनपद सदस्य), मोरध्वज साहू, हितेश साहू, नितिन जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों में भारी आक्रोश


ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि झलमला से कुसुमकसा होते हुए मानपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर मरम्मत कार्य के नाम पर जगह-जगह डामर उखाड़कर गहरे गड्ढे बना दिए गए हैं, लेकिन कहीं भी संकेतक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। यही लापरवाही इस हादसे का प्रमुख कारण बनी। बताया जा रहा है कि सुवरबोड़, अरमुरकसा और कुसुमकसा के आसपास सड़क के बीचों-बीच एक तरफ डामर उखाड़ दिया गया है, जिससे तीन से पांच इंच तक गहराई बन गई है, जबकि दूसरी ओर पुरानी सड़क यथावत है। रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी के कारण दोपहिया वाहन चालकों को यह अंतर समझ नहीं आता और वे दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### विभाग ने नहीं लगाए संकेतक

जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने दो दिन पूर्व ही राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ से मोबाइल पर संपर्क कर मरम्मत स्थल पर संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की थी, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। यदि समय रहते संकेतक लगाए गए होते तो संभवतः यह हादसा टल सकता था। उल्लेखनीय है कि झलमला-कुसुमकसा-मानपुर मार्ग पर सड़क उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य में मानकों की अनदेखी के कारण सड़क की स्थिति जगह-जगह खराब हो गई है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि मामले में ट्रक चालक ने समर्पण किया है और जांच जारी है।

## आईटीआई में प्रशिक्षण के दौरान हादसा, छात्र की उंगलियां कटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्थानीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में प्रशिक्षण के दौरान हुए एक गंभीर हादसे में छात्र टोकेश्वर घायल हो गया, जिसमें उसके दोनों हाथों की कुल पांच उंगलियां कट गईं। घटना के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ा विरोध जताते हुए संस्थान प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

- प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप, कार्रवाई की मांग

छात्रों का आरोप है कि प्रैक्टिकल प्रशिक्षण के नाम पर उनसे प्रतिदिन लगभग 8 घंटे मजदूरी कराई जाती है। हादसे के बाद घायल छात्र को शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अन्य सहपाठियों को उससे मिलने नहीं दिया गया। घटना को लेकर छात्रों ने एक शिक्षक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का भी आरोप लगाया, जिससे आक्रोश और बढ़ गया। मामले की जानकारी मिलते ही एबीवीपी के कार्यकर्ता आईटीआई पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य राजेश कुर्रे से जवाब मांगा। प्राचार्य ने सफाई देते हुए कहा कि उन्हें घटना की पूर्व जानकारी नहीं थी।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने संस्थान में अव्यवस्थाओं का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि हाल के दिनों में अन्य घटनाएं भी हुईं, जिन्हें दबा दिया गया। निरीक्षण के दौरान भवन की जर्जर स्थिति भी सामने आई। परिषद ने प्राचार्य को हटाने, एफआईआर दर्ज करने तथा घायल छात्र के इलाज की पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन द्वारा उठाने की मांग की है।

### धारदार हथियार से हमला युवक घायल, अपराध दर्ज

**बालोद।** एक अन्य युवक ने गांव के ही युवक के साथ मारपीट कर दी तथा युवक को चोट पहुंचाया। जिसके बाद पीड़ित युवक की मां ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम फरदफोड निवासी हेमलता लोन्हारे ने पुलिस को बताया कि होटल के पास मेरे पुत्र मनीष लोन्हारे को गांव के पुरवेन्द्र देवांगन पिता स्व. चेतन देवांगन 44 वर्ष ने गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुये धारदार हथियार से दाहिने हांथ की कोहनी के पास मारकर चोंट पहुंचाया है, तब मैं व गांव के दिलीप देवांगन, और वैभव बांधव के साथ साधन उपलब्ध कराकर उपचार हेतु शासकीय अस्पताल देवरी में भतऍ किये हैं, पुरवेन्द्र देवांगन ने मेरे पुत्र मनीष लोन्हारे को जान से मारने की धमकी देने से वे काफी भयभीत है।

## अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, दुकानदार खुद हटाने लगे अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सदर लाईन में सड़क तक पहुंच गई दुकानो के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्य करते हुए की गई मार्किंग के बाद व्यापारी स्वतः ही अपने दुकानो के सामने का अतिक्रमण हटाने लगे है। कई दुकानदारो ने टीन शेड निकाला तो कई अपने पक्के निर्माण को तोड़ रहे है।

प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण के खिलाफ बरती जा रही कड़ाई के बाद नगर के व्यस्ततम एवं संकरा हो चुका सदर रोड़ पर भी प्रशासन ने बीते दिनो कड़ा रूख अपनाया था। आरंभ में प्रशासन द्वारा 1930 के नजरी नक्शा के आधार पर सड़क का सीमांकन कर दिया था, जिससे पूरा सदर प्रभावित हो रहा था। चेंबर ऑफ कामर्स, भाजपा नेताओ के हस्ताक्षेप के बाद प्रशासन ने सड़क चौड़ाई के लिए 1930 के रिकार्ड के आधार पर ना करते हुए एवं स्टैडर्ड गाईड लाईन तैयार कर सड़क के दोनो ओर मार्किंग की गई थी। इसी मार्किंग के आधार पर अब नगर के व्यवसायी स्वतः ही अपने कच्चे पक्के अतिक्रमण को हटाने लगे है।



## संबलपुर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





समीप के ग्राम पंचायत संबलपुर (लो.) में सरपंच रेणु गायकवाड़ के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के मामले में नया मोड़ आ गया है। सरपंच ने बताया कि दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव को माननीय न्यायालय द्वारा अवैधानिक मानते हुए उस पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है। माननीय अपर कलेक्टर, बालोद द्वारा आदेश के माध्यम से उक्त अविश्वास प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है।

आदेश में यह उल्लेख किया गया है कि प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया में अनियमितताएं पाई गईं तथा पंचों के हस्ताक्षर कथित रूप से बिना पूर्ण जानकारी के लिए गए थे। साथ ही, पीठासीन अधिकारी की कार्यवाही भी नियमसम्मत नहीं पाई गई। सरपंच के अनुसार, 23 अप्रैल 2026 को न्यायालयीन आदेश के पालन हेतु जब पंचायत में आवेदन प्रस्तुत किया गया, तब पंचायत सचिव ने आवेदन लेने से इनकार कर दिया। इस दौरान पंचायत के पंच, प्यून बाबूलाल जोशी, भृत्य पटेल एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश साहू उपस्थित थे।

### सत्य की जीत हुई : सरपंच

मुझे न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। सत्य की जीत हुई है। अपर कलेक्टर के आदेश के बावजूद सचिव द्वारा आवेदन न लेना न्यायालय की अवमानना है। मैं प्रशासन से मांग करती हूं कि संबंधित सचिव के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। ग्राम के विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। सचिव का पक्ष भी आया सामने वहीं, इस पूरे मामले में पंचायत सचिव ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सरपंच के ससुर प्रेमलाल द्वारा उन्हें आदेश की प्रति देकर रिसीव देने के लिए कहा गया। सचिव के अनुसार, उन्हें उक्त आदेश की प्रति पहले ही विभाग से प्राप्त हो चुकी थी, इसलिए अलग से रिसीव करने की आवश्यकता नहीं थी। सचिव ने यह भी बताया कि उन्होंने पंचायत के पंचों को पहले ही सूचित कर दिया था कि सरपंच को न्यायालय से स्थगन (स्टे) आदेश प्राप्त हो चुका है।

## समाज के विभिन्न वर्गों का मिला समर्थन

# आवारा कुत्ते के हमले में घायल मासूम की मदद के लिए विहिप ने सौंपी 1 लाख 45 हजार की सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कुछ दिनों पूर्व जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम चिल्हाटी खुर्द के एक छोटे से बच्चे नादित पाथरे को सिर, मुंह और अन्य स्थानों पर एक आवारा कुत्ते ने काट कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। बच्चे का शरीर लहू लुहान हो गया था। जिसका इलाज पहले राजनांदगांव में कराने के बाद व बेहतर इलाज व आपरेशन के लिए रायपुर के अस्पताल में ले जाया गया था। विहिप ने बच्चे की मां से मुलाकात कर जनसहयोग से मिले एक लाख पैंतालीस हजार रुपए की धनराशि सौंपा है।

- दूर–दराज से भी पहुंची मदद, आईसीयू में भर्ती, हालत में सुधार



इस हृदय विदारक घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद जिला बालोद संगठन ने इसकी जानकारी लोगो को दी व सहयोग के लिए आग्रह किया, जिसके बाद समाज के सभी वर्गों से व्यापारी, कर्मचारी, सामाजिक पदाधिकारियों सहित काम करने वाले गरीब मजदूरों ने भी अपनी तरफ से धनराशि एकत्र किया। यहां तक कि जबलपुर, रायपुर, महासमुंद जैसे स्थानों से भी कुछ समाजसेवी बंधुओं ने धनराशि भेजा। बुधवार को विहिप के जिला पदाकारियों ने रायपुर जाकर घायल बच्चे से मुलाकात की व अस्पताल प्रबंधन से बच्चे की उचित देखभाल करने व इलाज करने की बात कही आईसीयू में भर्ती बच्चा अभी बेहतर स्थिति में है।

विहिप जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा कि घायल बच्चा अभी आईसीयू में ही भर्ती है। आपरेशन के बाद लगातार डॉक्टरों की निगरानी में अभी रखा गया है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा भी परिवार को मानवीय सहयोग दिया जा रहा है। कुछ दिनों बाद बच्चे को अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है।

### ये रहे उपस्थित

इस अभियान में जिले के शिक्षक, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, दल्ली राजहरा व्यापारी सहित अन्य लोगों ने भी साथ दिया है। विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला संगठन के बलराम गुप्ता, पोषण बनपेला, अजय अग्रवाल, सत्या साहू, उमेश सेन, तरुण राठी, योगिता साहू, संगीता शर्मा, पूजा जैन, ममता यदु, सेवन साहू, कैलाश साहू, जितेंद्र सहाड़ा, वर्षा साहू, उषा साहू, भारती बांडे, दुर्गेश साहू, दामिनी साहू, किशन साहू, रघुनंदन गंगबोईर, जानकी यादव सहित अन्य समस्त संगठन साथियों ने सहयोगकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।




## खबर संक्षेप

### 24 को श्रमिक सम्मेलन 6 हजार श्रमिकों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**बालोद।** जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन 24 अप्रैल को किया जाएगा। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि तांदुला पुल के समीप 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे से श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान छत्तीगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से लगभग 06 हजार श्रमिकों को विभिन्न योजना से लाभान्वित किया जाएगा। अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को योजना अंतर्गत चेक वितरण भी किया जाएगा।

### घरेलू विवाद में पिता पुत्र के बीच मारपीट

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बटेरा में घरेलू विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जहां पिता और पुत्र के बीच कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम घरेलू बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो अश्लील गाली-गलौज के बाद हिंसक हो गया। इस दौरान पिता द्वारा दिए गए जोरदार धक्के से पुत्र दीवार में लगे कील से टकरा गया, जिससे उसके हाथ में गहरी चोट आई। घायल युवक का इलाज नगर के अस्पताल में कराया गया। घटना के दौरान दूसरे पुत्र ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। बताया गया कि घायल युवक बुधवार को किसी कार्यवश बाहर चला गया था, जिसके चलते गुरुवार को मामला दर्ज कराया गया। पुलिस के अनुसार इससे पहले पिता ने भी पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(3) के तहत काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** जन्म दिन की पार्टी में पहुंचकर शराब का डिमांड कर विरोध होने पर प्राण घातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक आरोपी अब भी मौके से फरार है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि घटना 20 अप्रैल की है। सेक्टर-07 मार्केट के पास मैदान में, जयंती स्टेडियम के सामने पीड़ित दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मना रहा था। तभी शराब पीने के लिए डी. अजय और एस. विजय, मयंक रकम मांग रहे थे।नहीं देने पर हमला कर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने डी अजय, एस विजय को गिरफ्तार किया गया है। वहीं मयंक अब भी फरार है।जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### जेसीबी की टक्कर से वृद्धा की मौत

**भिलाई।** महतारी योजना का केवाईसी कराने जा रही एक वृद्धा सड़क हादसे की शिकार हो गई। घटना उतई थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बोरीगारका निवासी सूरजा बाई साहू 70 वर्ष दो अन्य महिलाओं के साथ पंचायत भवन से घर जा रही थीं। बोरीडीह मार्ग पर साहू मैरिज पैलेस के पास तेज रफ्तार जेसीबी ने वृद्धा को चपेट में लिया। हादसे में वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। जेसीबी चालक गोविंद नामक व्यक्ति होना बताया जा रहा है।

# पलारी-भिरई मार्ग बदहाल, जगह-जगह दरारों से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। सड़के अपनी जीवन अवधि से पहले ही दम तोड़ने लगी है। अभी कंवर–दियाबाती मार्ग के दबने, फटने, डामर उखड़ने का मामला ठंडा भी हुआ नही है और अब ग्राम पलारी मुख्यमार्ग से भिरई–अमलीडीह मार्ग की तस्वीरे विभाग के भ्रष्टाचार की कलाई खोलती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मेन रोड़ पलारी से भिरई अमलीडीह के मध्य 5.45 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया गया था। सड़क की लागत 174.57 लाख रूपये थी। 14 अप्रैल 2023 को निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था।

### डेढ़ साल में उखड़ा डामर, गुणवत्ता पर उठे सवाल




#### मरम्मत व पटरी की सफाई कराई जाएगीः एसडीओ

सड़क के बीच से फटने से दोपहिया वाहन चालको को ज्यादा परेशानी हो रही है। वे सड़क की दरारो के कारण संतुलन खोने लगे है व कई बार तो दोपहिया वाहन चालक इन दरारो के कारण सड़क में गिर चुके है। चार पहिया वाहन चालको को भी इससे परेशानी हो रही है। तेजगति वाहन इन दरारो के कारण लहराने लगती है। एसडीओ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना युगल साहू ने कहा सड़क संधारण अवधि में है, ठेकेदार से सड़क की मरम्मत एवं पटरी की सफाई कराई जाएगी।



सूचना बोर्ड के अनुसार कार्य को 6 माह मे पूर्ण होना था, अर्थात अक्टूबर 2023 को इसे पूर्ण होना था, लेकिन ग्रामीणो के अनुसार सड़क का कार्य 2024 तक चलता रहा था। कार्य अमर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड महेश नगर दुर्ग नामक कंपनी के माध्यम से करया गया था। इसके संधारण की अवधि कब से कब तक है वह स्पष्ट नही है, लेकिन सड़क बनने के ड़ेढ़ साल में ही सड़क दबने लगी है, सड़क के डामर उखड़ने लगे है, सड़क में दर्जनो जगह लंबी लंबी दरारे आ गई है। सड़क के किनारे पटरी की झाड़ियो की सफाई नही कराई गई है जिससे सड़क किनारे लंबी लंबी झाड़ियां उग आई है, जिससे सड़क पटरी विहिन हो गई है, जिससे चार पहिया वाहन चालको को ज्यादा परेशानी हो रही है।

## शिविर : जल संरक्षण व बाल विवाह रोकथाम को लेकर दिलाई गई शपथ

# जनसमस्या निवारण शिविर में 929 आवेदनों का मौके पर निराकरण, 17 पंचायतों के ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुरसुनी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल अंचल के 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को पात्रतानुसार शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान शिविर में प्राप्त सभी 929 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया।

इस मौके पर विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष नरेश यदु, नगर पंचायत अर्जुंदा के अध्यक्ष प्रणेश जैन, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जनपद सदस्य गुलशन साहू, जीतू गुप्ता, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष कांति भूषण साहू, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। शिविर में स्वामित्व योजना अंतर्गत 461 हितग्राहियों को अधिकार पत्र, वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत 30 हितग्राहियों सहित अन्य शासकीय योजना अनुसार सामग्री प्रदान की गई। राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत 04 महिला स्व सहायता समूहों को डेमो चेक वितरण किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर उनके गोदभराई रस्म को पूरा किया गया।

- स्वामित्व योजना के 461 हितग्राहियों को वितरित किए गए अधिकार पत्र
- नशापान व तेज रफ्तार को बताया सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण

इस मौके पर विधायक कुंवर सिंह निषाद, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर में कुंवर सिंह निषाद ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों से जल संरक्षण के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। निषाद ने अंचल के प्रमुख मांगों एवं समस्याओं की ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। कुंवर सिंह निषाद ने लोगों को पानी के प्रत्येक बुंदों का सदुपयोग करने तथा जल संरक्षण के महत्व कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने शिविर में प्राप्त सभी 929 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि शिविर में आज मांग से संबंधित 902 एवं 27 शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए थे। संबंधित विभागों के द्वारा इन सभी आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया है। मिश्रा ने शिविर में आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं विद्युत विभाग से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। ये सभी आवेदन निस्तारी एवं पेयजल हेतु पानी के प्रबंध से संबंधित है। उन्होंने कहा कि ये समस्याएं हम सभी लोगों के द्वारा भूजल के अत्यधिक दोहन एवं पानी के संरक्षण पर ध्यान नही देने के फलस्वरूप उत्पन्न हुआ है। इन सभी हम सभी को पानी के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण, संवर्धन एवं इसके विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को आने वाले भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए अभी से पानी के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन, कुसुम इत्यादि फसलों का उत्पादन करने की भी सलाह दी। कलेक्टर ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई के साथ–साथ अपराध भी बताते हुए इसके रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई।

इस मौके पर एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर ने सड़क दुर्घटना के संबंध में प्रकाश डालते हुए इसका मुख्य कारण वाहन चालक के द्वारा नशा का सेवन एवं तेज गति से ड्राइविंग को बताया। ठाकुर ने बताया कि नशापान, तेज गति एवं बिना हेलमेट के ड्राइविंग पर यदि रोकथाम सुनिश्चित की जाती है तो सड़क दुर्घटना में बहुत कुछ कमी लाई जा सकती है।

# खुरसुनी में कलेक्टर ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुरसुनी प्रवास के दौरान मुख्य मार्ग के किनारे ग्रीष्म ऋतु के दौरान आम लोगों के लिए शीतल पेजयल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु फीता काटकर एवं पूजा–अर्चना कर प्याऊ घर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से बातचीत की, इस दौरान उन्होंने ग्राम खुरसुनी में सामुदायिक नल के किनारे जिला प्रशासन के नीर चेतना अभियान के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे सोख्ता गड्ढा में श्रमदान कर जल संरक्षण के कार्य में अपनी सहभागिता निभाई। इस मौके पर ग्राम खुरसुनी आगमन पर ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत भी किया गया। इस दौरान महिला कमाण्डों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जल संरक्षण के उपायों के संबंध में नारे लगाकर आम लोगों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ–साथ इनका सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



# जिला स्तरीय संचार एवं संकर्म समिति की बैठक, निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला स्तरीय संचार एवं संकर्म समिति की बैठक बुधवार 22 अप्रैल को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में संचार एवं संकर्म समिति की सभापति चंद्रिका यशवंत गंजीर की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, राजा राम तारम, प्रभा रामलाल नामक, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता पूर्णिमा चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में संचार एवं संकर्म समिति की सभापति ने जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तायुक्त ढंग से निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

## सरपंच के प्रयास से दूर हुआ खतरा, किसान के खेत में बिजली लाइन की ऊंचाई बढ़ाई गई

**बालोद।** ओरमा सरपंच मंजुलता साहू का प्रयास सफल रहा, ओरमा सरपंच मंजूलता साहू ने कलेक्टर को अवगत कराया था कि एक किसान के खेत से विद्युत लाइन गुजरने से हमेशा खतरा बना रहता है, सरपंच के मौखिक जानकारी से बालोद कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने संज्ञान में लिया। जब पता चला किसान की इतनी बड़ी समस्या है तो विद्युत विभाग के प्रति कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर भी की और तत्काल किसान के खेत से विद्युत विभाग द्वारा एक बिजली पोल का खंबा लगाकर तार की ऊंचाई बढ़ाया गया। ओरमा सरपंच मंजुलता साहू का प्रयास सफल रहा कलेक्टर एवं विद्युत विभाग का सरपंच ने आभार व्यक्त किया कि किसानों की समस्या को त्वरित निराकरण की।



# पंचायत की समस्याओं को लेकर सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन, मानदेय वृद्धि व भुगतान में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में ग्राम पंचायतों के समस्याओं को लेकर जिला सरपंच संघ ने ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में विकास कार्योंए, मनरेगा मजदूरी जल्द भुगतान करने, रिक्त पदों की पूर्ति करने और पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय बढ़ाने जैसे विशय शामिल है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जल जीवन मिशन के कई कार्य अधूरे हैं, इसके साथ ही वीबी जीरामजी योजना को लेकर स्पष्ट कार्ययोजना और समय पर स्वीकृति की मांग की गई, ज्ञापन में ग्राम पंचायतों में रिक्त सचिव और रोजगार सहायक के पदो में भर्ती की मांग की गई। एक ही सचिव को कई पंचायतों का प्रभार मिलने से कार्यों में देरी और अनियमितता बढ़ रही है। इसके अलावा मनरेगा (नरेगा) के तहत मजदूरी और सामग्री भुगतान करने, सरपंच का मानदेय 20,000 रुपये और पंच का 2,000 रुपये करने, जिला खनिज न्यास की राशि के वितरण में संतुलन लाने की मांग की गई।



### बाइक-कार की टक्कर में एक की मौत

**डौंडीलोहारा।** मंगलवार देर रात नगर के मुख्य मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक और कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार ग्राम रेंगनी निवासी रोशन भंडारी (40 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार नगर से राजनांदगांव की ओर जा रहा था, जबकि सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, स्थिति को नियंत्रित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेजा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं किए गए सुरक्षा इंतजाम

# मरम्मत कार्य में लापरवाही का आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर बालोद से मानपुर चौक तक चल रहे सड़क मरम्मत कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, खुरसुनी में कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। नीलिमा श्याम ने बताया कि 20 अप्रैल को उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के एसडीओ को मोबाइल के माध्यम से अवगत कराया था कि इस मार्ग पर भारी मालवाहक वाहनों का लगातार आवागमन होता है। ऐसे में मरम्मत कार्य के दौरान सड़क की सतह से डामर उखाड़ने के कारण चार से पांच इंच गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो विशेषकर रात्रि में दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मरम्मत स्थल पर सुरक्षा के जरूरी इंतजाम जैसे बेरिकेट्स, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर और फ्लैगमैन की व्यवस्था नहीं की गई है। बार-बार सूचना देने के बावजूद संबंधित अधिकारी द्वारा सुरक्षा उपायों की अनदेखी की गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने बताया कि इसी लापरवाही का परिणाम है कि बुधवार को ग्राम गुजरा के समीप हुई भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इससे पहले भी कई हादसे इस मार्ग पर हो चुके हैं, जिनकी शिकायत पूर्व में भी की जा चुकी है।

- मरम्मत कार्य में सुरक्षा उपायों की अनदेखी से बढ़ा हादसों का खतरा



नीलिमा श्याम ने यह भी आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी द्वारा हमेशा शिकायतों को नजरअंदाज किया गया और गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया गया, जिससे उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े होते हैं। ज्ञापन में उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण आम नागरिकों की जान जोखिम में है और आवागमन करने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मामले में नियमानुसार कठोर कार्रवाई कर दोषियों के विरुद्ध जवाबदेही तय करने की मांग की है।

